अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

Azamgarh News: आजमगढ़ पुलिस ने एक लाख रुपये की नकली करेंसी की बरामद, तीन गिरफ्तार

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने तीन जालसाजों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सौ-सौ रुपये की नकली करेंसी की शक्ल में एक लाख रुपये बरामद किये हैं। कोतवाली प्रभारी शशि चंद चौधरी ने सोमवार को बताया कि सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ लोग नकली नोट बाज़ार में चला रहे। इस सूचना पर पुलिस पिछले कई दिनों से आरोपियों की तलाश कर रही थी।

इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर दुर्वास धाम गेट के पास से तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने जब इनकी तलाशी ली तो इनके कब्जे से एक लाख के नकली नोट, मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में हसमत और महेंद्र कुमार निवासी लखनऊ और मोहम्मद नसीर निवासी आजमगढ़ शामिल है।

पुलिस के अनुसार इन तीनों आरोपियों के कब्जे से एक लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार तीनों आरोपी भीड़भाड़ वाली दुकानों, मेलो में नकली नोट को चलाने का काम करते थे। पुलिस ने दावा किया है कि अभी इनकी सूचना पर अन्य और आरोपियों की तलाश जारी है।

Source: https://www.amritvichar.com/article/505524/azamgarh-news--azamgarh-police-recovered-fake-currency-worth-one-lakh-rupees--three-arrested#gsc.tab=0